an>

Title: Need to expedite construction of four-lane National Highway from Hajipur to Chhapra and from Hajipur to Muzaffarpur in Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर (बिहार) के साथ ही उत्तर बिहार के हाजीपुर, छपरा आदि महत्वपूर्ण इलाकों के सर्वांगीण एवं त्वरित विकास के लिए हाजीपुर से छपरा फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग एवं हाजीपुर से मुजफ्फरपुर तक फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। राजधानी पटना से हाजीपुर होते हुए छपरा और मुजफ्फरपुर जाने वाले दोनें मार्ग मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। इन दोनों राजमार्गों पर निर्माण कार्य कई वर्षों से धीमी गति से चल रहा है। इन दोनों सड़कों में कुछ जगह अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं हुआ है। इन दोनों सड़कों के निर्माण में अनावश्यक विलम्ब से आमजनों को काफी दिक्कतें हो रही हैं और साथ ही व्यापारिक गतिविधियों भी बाधित हो रही हैं।

अतः मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि इन दोनों सड़कों का निर्माण कार्य एक निश्चित समय अवधि में अविलंब पूरा कराया जाए।